# समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला गोपनीय शाखा)

दूरभाष : 06186–223167 (कार्यालय)
06186–223168 (आवास)
06186–223211 (फैक्स)
ई–मेल: dm-aurangabad.bih@nic.in
www.aurangabad.bih.nic.in


पत्रांक– 2126

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

औरंगाबाद, दिनांक 27/6/23

विषय :– **Emergent work** में प्रखण्ड नवीनगर के **Chandargharh to Gajanadham Via Munga Bhagawanpur** में नाला पर पुलिया निर्माण कार्य शामिल करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रखण्ड नवीनगर के **Chandargharh to Gajanadham Via Munga Bhagawanpur** में नाला पर पुलिया निर्माण अत्यावश्यक है। जर्जर पुलिया ध्वस्त हो चुका है एवं आवागमन पूर्णतः बाधित है। यह पथ प्रशासनिक दृष्टीकोण से भी बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि नवीनगर प्रखण्ड का दक्षिणी क्षेत्र नक्सल प्रभावित है एवं यह पथ उसी क्षेत्र में पड़ता है। इस पुलिया के बन जाने से अनेको गॉव जैसे मैगरा, बिलासपुर, खरौंधा, मुंगा, चन्द्रगढ़, खजुरी पाण्डु, टण्डवा को सम्पर्कता स्थापित हो जायेगी। कृपया ज्ञातव्य हो कि यह पथ झारखण्ड बोर्डर को भी जोड़ती है। साथ ही गजनाधाम इस जिला का पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जा रहा है एवं इस आद्रा नक्षत्र में यहाँ मेला भी लगता है। होलया नदी से निकला हुआ पईन (**Small Distributory**) का पानी का निष्काषन भी इस नाला द्वारा होता है।

अतः बिलासपुर एवं खरौंधा गॉव के भूमि का पटवन के दृष्टिकोण से भी इस पुलिया का बनना अत्यावश्यक है। इस तथ्यों को ध्यान में रखते हुए इस पुलिया को यथाशीघ्र बनना अपेक्षित है। साथ ही ग्रामीणों द्वारा बार–बार मोबाईल पर एवं कार्यालय में आकर उक्त पुलिया को बनाने के संबंध में आग्रह किया जा रहा है।

अतः उक्त पुलिया को आपातकालीन योजना में चयनित करने की कृपा की जाय।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

विश्वासभाजन

27/6/23

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद।

27/6/23

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।